ST. MONTFORT SCHOOL, BHOPAL

GURUNANAK JAYANTI

The birth anniversary of Guru Nanak Dev Ji was celebrated with great exuberance at St. Montfort School, Bhopal on 20th November, 2023. A special assembly was conducted by the students of classes VIII D, E and F to mark the occasion.

The students came dressed in traditional Sikh attire. The assembly commenced with a special prayer 'Ek Onkar' sung by the students which filled the whole campus with spiritual enlightenment and inner peace. It was followed by the demonstration of the customary morning processions. Students also recited 'Gurbani' and highlighted the teachings of Guru Nanak Dev Ji. A beautiful dance was also presented rejoicing in the name of Guru Nanak Dev Ji. On this occasion, 'Prabhat Pheri', 'Nagar Kirtan', 'Langar' and the potent 'Gatka' were also shown. At last, Nanak Ji's three teachings were also emphasized upon.

The program concluded with respected principal, Rev. Bro. Monachan's message to all the students and teachers. He urged the students to follow the path of universal brotherhood and peace to promote communal harmony.

Archana Prasad

गुरुनानक जयंती

दिनांक 20/11/23 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में आज के इस पावन अवसर पर गुरुनानक जयंती पर विशेष सभा का आयोजन कक्षा आठवीं के वर्ग द , इ एवं फ के छात्र – छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

सभा में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय का स्वागत सुगंधित पुष्पगुच्छ के द्वारा किया गया । आगे ईश्वरीय मधुर प्रार्थना गीत के साथ सभा का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का परिचय देते हुए छात्र–छात्राओं ने गुरु नानक पर्व को मनाने के विशेष कारणों एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला ।

इसी तारतम्य में छात्रों ने सुंदर एवं अद्‌भुत भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत किया । जिसकी प्रशंसा में प्रांगण तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा । आगे छात्र – छात्राओं ने गुरु नानकजी के जीवन से जुड़े विभिन्न तथ्यों को नाटकीय रूपांतरण कर उजागर किया गया । साथ ही गुरुद्वारे में होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रभात फेरी , नगर कीर्तन , गतका , लंगर आदि भिन्न कार्यक्रमों को झांकियों के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत की गई । आदरणीय प्राचार्यजी ने अपने भाषण में छात्रों को गुरुनानक देव के द्वारा बताए गए सद्‌मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी । एवं उनके द्वारा किए गए विशेष कार्यों पर प्रकाश डाला । साथ ही प्रार्थना सभा की प्रशंसा की । कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अनेक छात्र – छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए प्राचार्य महोदय के द्वारा पुरुस्कार एवं मेंडल प्रदान किये गए । तत्पश्चात छात्रों ने सभी का धन्यवाद किया । अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया ।

श्रीमती कविता मीना